Date :- 21-07-2025

Rajasthan Patrika, Page-02, Surat



### राज्य सरकार ने दी मंजूरी, डीपीआर मंजूरी के लिए केन्द्र सरकार को भेजा

# मेट्रो रेल परियोजना अंत्रोली बुलेट ट्रेन स्टेशन तक होगी विस्तारित

## एलिवेटेड मेट्रो लाइन पर बनाए जाएंगे तीन नए स्टेशन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सूरत.** शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को नया आयाम देने के लिए मेट्रो, बुलेट ट्रेन, बस और रेलवे को एकसाथ जोड़ने की योजना को गति मिली है। राज्य सरकार ने सूरत मेट्रो के लाइन-2 को अंत्रोली स्थित बुलेट ट्रेन स्टेशन तक 4.4 किमी विस्तार की मंजूरी दे दी है। इस 450 करोड़ की परियोजना से यात्री मेट्रो से बुलेट ट्रेन और बस से रेलवे स्टेशन तक आसानी से पहुंच सकेंगे।



डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को अब केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए भेजा गया है। सारोली से अंत्रोली तक बनने वाला यह मेट्रो कॉरिडोर सूरत को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी का केंद्र बनाएगा। अंत्रोली में बन रहे हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन स्टेशन को मेट्रो से जोड़ने से शहर के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचने में सुविधा होगी।

इस रूट पर रेलवे की डीएफसी लाइन को क्रॉस करते हुए एलिवेटेड मेट्रो बनाई जाएगी।

4.4 किमी के इस रूट पर हर 1.4-1.5 किमी की दूरी पर तीन मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। इनके नाम और डिजाइन केंद्र की अंतिम स्वीकृति के बाद तय होंगे।

### मेट्रो फेज-1 का कार्य 70 फीसदी पूरा

**सूरत** मेट्रो के फेज-1 में लाइन-1 (सरथाणा से ड्रीम सिटी, 21.61 किमी) और लाइन-2 (भेसान से सारोली, 18.74 किमी) का निर्माण तेजी से चल रहा है। अब तक 70% सिविल कार्य पूरा हो चुका है। लाइन-1 पर सोहम सर्कल से अलथाण टेनामेंट तक 750 मीटर ट्रैक बिछाया जा चुका है। अंडरग्राउंड रूट में कापोद्रा से सूरत स्टेशन तक टनल का काम पूरा हो गया है, जबकि सूरत स्टेशन से चौक बाजार तक अप लाइन टनल इस महीने और डाउन लाइन टनल साल के अंत तक पूरी होगी।

## केंद्र से मंजूरी में लग सकता है एक साल

मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, डीपीआर को केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने में 6 महीने से एक साल का समय लग सकता है। इसमें वित्त मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, नीति आयोग और रेल मंत्रालय की जांच और पर्यावरण-सुरक्षा आकलन शामिल हैं।